नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – **28**

No. of Printed Pages – **8**

# SS-01-Hindi (C) (D & D)

## हिंदी (अनिवार्य)

**उच्च माध्यमिक (मूक–बधिर) परीक्षा, 2021**

**समय : 4¼ घण्टे**

**पूर्णांक : 80**

OFFICE COPY

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में निर्धारित शब्द–सीमा में लिखें ।

(4) जिस प्रश्न के अ, ब, स, द, य भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें ।

## खण्ड – अ

1. निम्नलिखित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

(क) भक्तिकाल के कवियों में समाज सुधारक के रूप में जाने जाते हैं 1

(अ) कबीर (ब) भूषंण

(स) सूरदास (द) बिहारी

(ख) कल तुम्हारे हाथ-पैर टूट जायेंगे ऐसा सुनकर कौन सा भाव उत्पन्न होगा ? 1

(अ) लज्जा (ब) आशंका

(स) भय (द) क्रोध

(ग) रहीम ने रूठ जाने पर किसे बार-बार मनाने की बात कही है ? 1

(अ) पड़ोसियों को (ब) पत्नी को

(स) परिवार को (द) सज्जन व्यक्ति को

(घ) बिहारी के अनुसार सज्जन लोग सम्पत्ति संचित करते हैं 1

(अ) दूसरों की भलाई के लिए (ब) स्वयं के भोग विलास के लिए

(स) आपस में बाँटने के लिए (द) घमण्ड दंगा फसाद के लिए

(ङ) कवि भूषण की रचना नहीं है 1

(अ) शिवा बावनी (ब) शिवराज भूषण

(स) भूषण हजारा (द) रास पंचाध्यायी

(च) बिहारी किस राजा के दरबारी कवि थे ? 1

(अ) अजमेर (ब) आमेर (जयपुर) के राजा जयसिंह के

(स) दिल्ली के (द) ग्वालियर के

OFFICE COPY

(छ) आवश्यकता से अधिक वस्तुओं का संग्रह अर्थव्यवस्था के लिए है 1

(अ) घातक (ब) लाभदायक

(स) सन्तोषजनक (द) सम्मानजनक

(ज) प्रजातंत्र की सफलता के लिए यह आवश्यक है कि समाज पालन करे – 1

(अ) नैतिक नियमों का (ब) राजनैतिक नियमों का

(स) पूजा पाठ के नियमों का (द) धार्मिक कट्टरता का

(झ) गाँधीजी ने 'अनासक्ति योग' कहाँ लिखा ? 1

(अ) कश्मीर में (ब) गुजरात में

(स) कौसानी में (द) स्विट्जरलैण्ड में

(ञ) सभी देशों के इतिहासों से सिद्ध है कि निकम्मे पादरियों, मौलवियों, पण्डितों और साधुओं का, दान के अन्न पर पला हुआ ईश्वर-चिन्तन अंत में परिवर्तित हो जाता है 1

(अ) धन और समृद्धि में (ब) आलस्य और भ्रष्टाचार में

(स) लोक और परलोक में (द) आनद और मोक्ष में

OFFICE COPY

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

2. साधु का हमें क्या पूछना चाहिए ? 1

3. तुलसी के अनुसार पावस में कोकिल धारण कर लेती है 1

4. राजिया के अनुसार कोयल मन को क्या करती है ? 1

5. भय जब स्वभावगत हो जाता है तब कहलाता है 1

6. बिहारी की प्रसिद्ध रचना का नाम क्या है ? 1

7. विदाई के समय भिक्षा के रूप में रत्नावली ने क्या विनती की ? 1

8. महादेवी की पालित गाय का क्या नाम था ? 1

निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों से कीजिए :

9. रूणीचा के तँवरवंशीय ठाकुर अजमल जी व माता मैणादे के घर _______ अवतरित हुए । 1

10. अजन्ता और एलोरा की गुफाएँ इनकी अद्‌भुत _______ के कारण सारे संसार में प्रसिद्ध हो गयी हैं । 1

11. प्रजातंत्रवाद का मतलब है कि किसी भी आदमी को सदैव ______ करते रहने का अधिकार नहीं । 1

## खण्ड–ब

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए :

गाँधीजी के अनुसार शिक्षा शरीर, मस्तिष्क और आत्मा का विकास करने का माध्यम है । वे 'बुनियादी शिक्षा' के पक्षधर थे । उनके अनुसार प्रत्येक बच्चे को अपनी मातृभाषा की निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा मिलनी चाहिए जो उसके आस-पास की जिन्दगी पर आधारित हो, हस्तकला एवं काम के जरिए दी जाए, रोजगार दिलाने के लिए बच्चे को आत्मनिर्भर बनाए तथा नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों का विकास करने वाली हो । गाँधीजी की सारी सोच भारतीय परम्परा की सोच है तथा उनके दिखाए मार्ग को अपनाकर प्रत्येक व्यक्ति और संपूर्ण राष्ट्र वास्तविक स्वतंत्रता, सामाजिक सद्‌भाव एवं सामुदायिक विकास प्राप्त कर सकता है ।

12. गाँधीजी के अनुसार शिक्षा क्या है ? 2

13. प्रत्येक बच्चे को कैसी शिक्षा मिलनी चाहिए ? 2

14. शिक्षा कैसी होनी चाहिए ? 2

15. गाँधीजी की सोच कैसी है ? 2

OFFICE COPY

निम्नलिखित अपठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

नर हो, न निराश करो मन को,
कुछ काम करो, कुछ काम करो ।
जग में रहकर कुछ नाम करो,
यह जन्म हुआ किस अर्थ अहो ।
समझो जिसमें यह व्यर्थ न हो,
नर हो न निराश करो मन को,
संभलो के सुयोग न जाय चला
कब व्यर्थ हुआ सदुपाय भला ।

16. कवितांश में कवि ने मनुष्य को क्या प्रेरणा दी है ? 2

17. जीवन व्यर्थ कब हो जाता है ? 2

18. अच्छे उपाय क्या होते हैं ? 2

19. सुयोग शब्द का विलोम शब्द लिखिए । 2

OFFICE COPY

## खण्ड – स

20. निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

आज उसकी याद आती है तो मन पिरा उठता है । कल ठेले पर बर्फ को देखकर वे मेरे मित्र उपन्यासकार जिस तरह स्मृतियों में डूब गए उस दर्द को समझता हूँ और जब ठेले पर हिमालय की बात कहकर हँसता हूँ तो वह उस दर्द को भुलाने का ही बहाना है । वे बर्फ की ऊँचाइयाँ बार-बार बुलाती हैं, और हम हैं कि चौराहों पर खड़े, ठेले पर लदकर निकलने वाली बर्फ को देखकर ही मन बहला लेते हैं ।

(i) कौन स्मृतियों में डूब गया था ? 1

(ii) लेखक किस दर्द की बात कह रहा है ? 1

(iii) कौन बार-बार बुलाता है ? 1

(iv) हिमालय के दो पर्यायवाची लिखिए । 1

21. पठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

बड़े बड़ाई ना करै, बड़ो न बोलै बोल ।
रहिमन हीरा कब कहै, लाख टका मेरो मोल ।।
बिगरी बात बनै नहीं, लाख करौ किन कोय ।
रहिमन फाटे दूध को, मथे न माखन होय ।।

(i) प्रस्तुत पद्य में कवि का नाम लिखिए । 1

(ii) हीरा अपना मोल क्यों नहीं बताता ? 1

(iii) बिगरी बात कैसे नहीं बनती ? 1

(iv) दूध के दो पर्यायवाची लिखिए । 1

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

22. निर्भयता के लिए शुक्ल जी ने क्या उपाय बताए हैं ? 4

अथवा

'बाजार दर्शन' पाठ में लेखक ने किस बुराई पर मंथन किया है ?

OFFICE COPY

23. 'लिखन बैठी जाकी छबी गहि गहि गरब गरूर' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए । 4

अथवा

'रहिमन अँसुआ नैन ढरि, जिय दुःख प्रगट करेई ।' काव्य पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

## खण्ड – द

24. अपने प्रधानाचार्य महोदय को स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (T.C.) हेतु एक प्रार्थना पत्र लिखिए । 1 + 3 + 1 = 5

अथवा

अपने मित्र को एक पत्र लिखिए जिसमें जयपुर भ्रमण के दृश्यों का वर्णन हो ।

25. (i) निम्नलिखित कवि/लेखकों में से किसी **एक** का परिचय लिखिए : 3

(i) कबीर (ii) भूषण (iii) धर्मवीर भारती

(ii) निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों का अर्थ लिखिए : 2

(i) NATION (ii) JOB

(iii) JOINT (iv) DONATION

**खण्ड – य**

26. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **15-20** पंक्तियों का एक निबंध लिखिए : 6

(i) स्वास्थ्य ही श्रेष्ठ धन है

(ii) वसन्त ऋतु का आगमन

(iii) विज्ञान जीवन के लिए वरदान

OFFICE COPY

27. "'गौरा' रेखाचित्र में गाय के अंतरंग व बाह्य सौन्दर्य का वर्णन है ।" पठित पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए । 6

**अथवा**

संत जम्भेश्वरजी का समाज में क्या योगदान रहा ? इनका परिचय लिखिए ।

28. "रहिमन जिह्वा बावरी, कहि गइ सरग पताल" काव्य-पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए । 6

**अथवा**

पठित तुलसी के दोहों के आधार पर मानव जीवन में रामचरित मानस का उपयोग सिद्ध कीजिए ।

---

DO NOT WRITE ANYTHING HERE